# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ............/2024

**बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के प्रथम उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2023 एवं द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 04.06.2024 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि संशोधन कराने के संबंध में आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों (Study Centres) के Co-ordinator, संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के प्रथम उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2023 एवं द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2023 का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कराया जा रहा है।**

2. तद्नुसार बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के प्रथम उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2023 एवं द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2023 में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन डाटा के आधार पर छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के वेबसाईट http://seniorsecondary.biharboardonline.com पर अपलोड किया गया है, जो **दिनांक 04.06.2024 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

3. इस निमित्त अध्ययन केन्द्रों (Study Centres) के Co-ordinator को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के उक्त वेबसाईट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने केन्द्र के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत् करा देंगे तथा निदेशित करेंगे कि वे Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी की जांच एवं मिलान कर लें तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि पायी जाती है, तो निर्धारित तिथि तक संबंधित छात्र/छात्रा त्रुटि का सुधार कर उन्हें अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ **अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator द्वारा दोनों परीक्षाओं से संबंधित Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया निम्नवत् है :–**

**प्रथम उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2023 के लिए Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया**

- संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **http://seniorsecondary.biharboardonline.com पर बायें तरफ उपलब्ध लिंक** "BBOSE First Senior Secondary (12th) Examination June, 2023 Dummy Admit Card" ⇨ Click here to proceed ⇨ Click here to apply/view **पर** Click **कर** Login **करेंगे।** लॉग–इन उपरान्त अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के सभी छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

**द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2023 के लिए Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया**

- संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **http://seniorsecondary.biharboardonline.com पर बायें तरफ उपलब्ध लिंक**

"BBOSE Second Senior Secondary (12th) Examination December, 2023 Dummy Admit Card" ⇨ Click here to proceed ⇨ Click here to apply/view **पर** Click **कर** Login **करेंगे।** लॉग–इन उपरान्त अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के सभी छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के प्रथम उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, जून, 2023 एवं द्वितीय उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2023 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, विषय, जन्म तिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 04.06.2024 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय।**

6. सुधार के लिए अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से समन्वय कर Dummy Admit Card प्राप्त नहीं किया जाता है तथा अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator द्वारा भी ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपेक्षित सुधार की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

7. Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अथवा किसी भी संगत सूचना के लिए समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039, E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com तथा परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाईल नंबर–9006254153, उप परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाईल नंबर–7061281841, सिस्टम एनालिस्ट, आई०टी० (उ0मा0) के मोबाईल नंबर–9900623645 तथा प्रशाखा पदाधिकारी (केन्द्रीय, उ0मा0) के मोबाईल नंबर–9905353078 पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

ज्ञापांक : **BSEB/SS/KEN/584/2024** **पटना, दिनांक : 30/05/2024**

**प्रतिलिपि :** 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित। यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी स्टडी सेन्टर को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाय। इसकी सूचना स्टडी सेन्टर के को–ऑर्डिनेटर एवं संबंधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाय। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तद्नुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

2. मे0 केल्ट्रॉन को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि वर्णित आलोक में सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित की जाय।

3. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

30/5/24 30/5/24 30/5/24

4. उप निदेशक, परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उक्त के आलोक में अपने स्तर से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

5. उप निदेशक, आई0टी0/सिस्टम एनालिस्ट (उ0मा0) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि वर्णित आलोक में अनिवार्य रूप से सभी आवश्यक व्यवस्था करते हुए इसका निरंतर अनुश्रवण की जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति न हो। यह भी अनुरोध है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु समिति के BSEB Mobile App पर डाल दिया जाए।

6. अपर सचिव, भंडार (मा0)/प्रसाशनिक पदाधिकारी, भंडार (उ0मा0)/वित्त पदाधिकारी/मुख्य निगरानी पदाधिकारी–सह–मुख्य नोडल पदाधिकारी एवं सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक (शैक्षणिक), निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा0) को सूचनार्थ प्रेषित।

30.5.24

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

30/05/24 30/5/24 30/5/24

30/5/24